रोटरी क्लब कोटा राउण्ड टाउन और शपथ ग्रहण (2021-22) समारोह के अवसर पर भाषण

रोटरी क्लब, कोटा के कार्यक्रम में आप सबके बीच आकर मुझे बहुत ही प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इस अवसर पर लोकतांत्रिक पद्धति से चुने गए रोटेरियन्स के शपथ ग्रहण का भी कार्यक्रम है। मैं सभी निर्वाचित रोटेरियन्स का हार्दिक स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि आप निश्चय ही समाज सेवा के क्षेत्र में अपने पूर्ववर्तियों के साथ मिलकर बेहतरीन कार्य करेंगे।

आप सभी अवगत है कि रोटरी इंटरनेशनल क्लब की स्थापना 115 वर्ष पहले विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों के बीच आपसी चर्चा और संवाद को बढ़ाने के लिए की गई थी जो आगे चलकर समाज सेवा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था बन गयी। आज इस संस्था की उपस्थिति विश्व के लगभग सभी देशों में है।

मेरे शहर कोटा में रोटरी क्लब ने अपनी अलग छाप छोड़ी है। रोटरी क्लब के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों में मानवता की सेवा का पावन कार्य कर रहे हैं। उनके समाज सेवा के कार्य कोरोना महामारी के दौरान भी उल्लेखनीय रहे हैं।

वास्तव में, रोटरी क्लब सहित विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने कोरोना से राहत के लिए सरकार के काम में सहयोग दिया है और वंचित वर्गों की सहायता के लिए संकल्पित प्रयास किए हैं।

मैं इस बात का साक्षी रहा हूं कि आपकी संस्था के सदस्यों द्वारा कोरोना से प्रभावित वर्गों के लिए मुफ्त भोजन, राशन, सैनिटाइजर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, कोविड देखभाल केंद्र, दवाओं और चिकित्सा सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद की गयी है।

वस्तुतः, कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से प्रभावी तरीके से तभी लड़ा जा सकता है जब सभी समाजसेवी संस्थाएं सरकार के प्रयासों में सहयोग करें तथा जनता के कष्टों को दूर करने का प्रयास करें।

आप लोग जनता से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े होते हैं, इसलिए आप उनकी तकलीफों का बेहतर तरीके से समझते हैं तथा उनका उचित समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं।

आपके जैसी समाजसेवी संस्थाओं ने जनता और सरकार के बीच एक सेतु का कार्य किया है एवं जिस प्रकार से आपने सेवा भाव से कार्य किया है, वह सराहनीय है।

मुझे यह भी बताया गया है कि कोरोना काल में आप लोगों ने सक्रियता से कार्य किया है। विशेष रूप से पोलियो उन्मूलन के लिए आपका उल्लेखनीय प्रयास रहा है। आज यदि हमारा देश पोलियो मुक्त है तो इसके पीछे सरकार के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं का सामूहिक प्रयास भी है।

पोलियो उन्मूलन के अलावा आपकी संस्था ने सामुदायिक सेवाओं, रोग नियंत्रण एवं उपचार, शिक्षा, साक्षरता, बाल कल्याण, जल आपूर्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास आदि क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है।

आपकी संस्था द्वारा साक्षरता के क्षेत्र में अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं, जैसे बालिका शिक्षा, गरीब बालकों को शिक्षा हेतु विभिन्न विद्यालयों को गोद लेना। मुझे पता चला है कि आप रोटरी पाठशाला का निरंतर क्रियान्वयन कर रहे हैं। उड़िया बस्ती के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। आप विद्या दान कर महादान का कार्य कर रहे हैं।

आज आपकी संस्था में एक नई टीम कार्य भार संभाल रही है। परंतु कोई भी संस्था अपना कार्य प्रभावी तरीके से तभी कर सकती है जब उसे अपने नेतृत्व के साथ साथ सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग मिले। आपके समाज सेवा का कार्य तभी सफल हो सकता है जब आप सब सामूहिकता की भावना से काम करें।

मैंने आपकी भविष्य की कार्य योजना का अध्ययन किया है। मेरे विचार में यदि उनका सही क्रियान्वयन हो तो वे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। मुझे जानकारी दी गई है कि आप शिक्षा के प्रसार के कार्य को जारी रखेंगे तथा आपके इन प्रयासों से शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा।

वहीं आपके द्वारा स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में मेडिकल कैम्प लगाना, विक्लांग व्यक्तियों को उपकरण उपलब्ध कराना जैसे कार्य बड़े पैमाने पर किए जाएंगे जिससे एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायता मिलेगी।

आप अपने क्षेत्रों के सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों से निरंतर संपर्क में रहें तथा उनके सुझावों तथा अनुभवों का लाभ उठायें। मेरे विचार में इस प्रक्रिया से कोटा के साथ-साथ पूरा देश लाभान्वित होगा।

साथियों, हम चाहे स्वयंसेवी संस्था हों या व्यक्तिगत रूप में हों, हमारा हर प्रयास समाज के, मानवता के हित में होना चाहिए, मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। इसके लिए हमारा विज़न व्यापक होना चाहिए ताकि हमारे प्रयासों से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हों।

आज विश्व के सामने कई समस्याएं हैं। कोरोना महामारी की चुनौती हमारे सामने है, परंतु और भी कई चुनौतियाँ हैं जिनका हमारे जीवन से सीधा संबंध है जैसे पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, निर्धनता, आतंकवाद, सतत और समावेशी विकास इत्यादि। सभी देशों की सरकारें इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रही हैं।

परंतु सभी वैश्विक समस्याओं का समाधान उसी स्थिति में संभव है, जब समाज के सभी वर्ग और सभी संस्थाएं आपस में सकारात्मक संवाद करें, सामूहिकता की भावना से परस्पर सहयोग करें और समाधान निकालें। रोटरी क्लब जैसी संस्थाएं इस दिशा में बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं।

मैं रोटरी क्लब कोटा राउण्ड टाउन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कृष्णकांत मालपानी जी और उनकी पूरी टीम को अपनी ओर से बधाई देता हूं तथा उनके सभी भावी कार्यों के लिए उन्हें शुभ कामनाएं देता हूँ। समाज की सेवा के लिए उनके द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों में मेरा सक्रिय सहयोग निरंतर आप सबको मिलता रहेगा।

जय हिन्द।